मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में

मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में,
भक्ति में तेरी मस्ती में,
मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में....

बागो बागो मीरा डोले ले हाथों इकतारा,
फूल माला बना रही रे कन्हैया तेरी भक्ति में,
मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में....

जमुना तट पर मीरा डोले ले हाथों इकतारा,
वह तो गोता लगा रही रे कन्हैया तेरी भक्ति में,
मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में....

गली गली में मीरा डोले ले हाथों इकतारा,
हरि कीर्तन कर रही रे कन्हैया तेरी भक्ति में,
मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में....

वृंदावन में मीरा डोले ले हाथों इकतारा,
परिक्रमा लगा रही रे कन्हैया तेरी भक्ति में,
मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में....

मंदिर मंदिर मीरा डोले ले हाथों में इकतारा,
वह तो दर्शन कर रही रे कन्हैया तेरी भक्ति में,
मीरा जोगन हो गई रे कन्हैया तेरी भक्ति में....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28536/title/meera-jogan-ho-gayi-re-kanhayia-teri-bhakti-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |